2 0 1 8

ELECTIVE HINDI

(Hindi Natya Sahitya)

Full Marks : 80

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. निम्नलिखित प्रश्नों के पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×10=10

(क) कोणार्क का मंदिर कहाँ बनाया गया है?

(ख) कोणार्क मंदिर का निर्माण किसके निर्देश पर हुआ था?

(ग) 'कोणार्क' शीर्षक नाटक का प्रथम प्रकाशन कब हुआ था?

(घ) कोणार्क मंदिर के निर्माण में किस कारीगर की प्रमुख भूमिका थी?

(ङ) एकांकी को परिभाषित कीजिए।

(च) 'नए मेहमान' एकांकी के एकांकीकार कौन हैं?

(छ) हीरा किस एकांकी का पात्र है?

(ज) भुवनेश्वर द्वारा लिखित किसी एक एकांकी का नाम लिखिए।

(झ) जगदीश चंद्र माथुर कौन हैं?

(ञ) लक्ष्मीनारायण मिश्र जी द्वारा लिखित किसी एक नाटक का नाम लिखिए।

2. निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) मंगला किस एकांकी का चरित्र है? उसके चरित्र की कोई एक विशेषता लिखिए।

(ख) 'नए मेहमान' एकांकी के उद्देश्य क्या हैं?

(ग) 'मीना कहाँ है' एकांकी के, आपको प्रभावित करनेवाले, किसी एक पात्र के किन्हीं दो चारित्रिक वैशिष्ठ्यों का उल्लेख कीजिए।

(घ) 'एक तोले अफीम की कीमत' एकांकी का संदेश क्या है?

(ङ) पठित एकांकियों में से किस एकांकी की (कथा की) चरम सीमा आपको अच्छी लगती है? कोई दो कारण लिखिए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) "'स्ट्राइक' एकांकी में पति-पत्नी के संबंध की समस्या है।" स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'कोणार्क' नाटक का नायक आप किसे मानते हैं? उसे नायक मानने के पीछे क्या-क्या कारण हो सकते हैं?

(ग) पठित एकांकी की कथा में विश्वमोहिनी की क्या भूमिका है?

(घ) 'स्ट्राइक' नामकरण एकांकीकार ने क्यों किया है?

(ङ) लक्ष्मीनारायण मिश्र जी ने समाज के लोगों के किस प्रकार की समस्याओं को लेकर नाटक लिखे थे? स्पष्ट कीजिए।

(च) जगदीश चंद्र माथुर का साहित्यिक परिचय दीजिए।

4. 'कोणार्क' नाटक के मूल उद्देश्य को रेखांकित कीजिए। 10

अथवा

"'कोणार्क' में नाटककार ने नई तकनीक अपनाई है।" नाट्य-कला की दृष्टि से प्रस्तुत नाटक में नई तकनीक कौन-सी अपनाई गई है? स्पष्ट कीजिए।

5. सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10

दुनिया साझे की दुकान है और हर एक बालिग आदमी का कर्तव्य है कि उसका साझेदार हो। अगर इस कोशिश में आप अपनी जान नहीं खपा देते, तो आप मनुष्य कहलाने का कोई हक नहीं रखते।

अथवा

नाट्याचार्य सौम्यश्री के संकेत पर जब नट-मंदिर में देव-दासियाँ नृत्य करेंगी, तो ताल देने के लिए कोणार्क देवालय ही थिरक उठेगा।

6. एकांकी-कला की दृष्टि से 'एक तोले अफीम की कीमत' की समीक्षा कीजिए। 10

अथवा

'नए मेहमान' एकांकी के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए।

7. वसंत किस एकांकी का पात्र है? उसके चरित्र की विशेषताओं को रेखांकित कीजिए। 10

अथवा

'मीना कहाँ है' शीर्षक एकांकी की संवाद-योजना के वैशिष्ट्यों को रेखांकित कीजिए।

★ ★ ★